# पात्र बच्चों को छात्रवृत्ति का मिले लाभ डॉ. कैलाश




**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 17 जुलाई।** मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव ने कहा है कि प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण के लिए संचालित समस्त योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को मिले, शिक्षा, रोजगार के साथ ही विभिन्न बुनियादी सुविधाओं में एससी वर्ग को लाभ सुनिश्चित किया जायें। सभी पात्र बच्चों को छात्रवृत्ति का लाभ मिलना चाहिए तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि के चलते कोई भी बच्चा लाभ से शेष न रहें, समय रहते तकनीकी समस्याओं, डीबीटी, आधार अपडेशन, समग्र आईडी से संबंधित मामलों का निराकरण कर लिया जायें।

**एससी आयोग अध्यक्ष ने कहा कोई छात्र शेष न रहे**

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा, पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य, एससी ट्राइबल राकेश गुप्ता सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के पूर्व कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा, पुलिस अधीक्षक श्री अग्रवाल एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद द्वारा आयोग अध्यक्ष डॉ कैलाश जाटव को बुके भेंट कर स्वागत किया गया।

एससी आयोग के अध्यक्ष डॉ कैलाश जाटव ने कहा कि सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना के तहत लाभ प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए उनका स्वागत, सम्मान भी किया जायें, जिससे उन्हें आगे बढने की प्रेरणा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि शासकीय प्रयोजन के लिए भूमि की आवश्यकता होने पर अनुसूचित जाति के पट्टाधारियों को पट्टा निरस्त करने से पहले नोटिस जारी किये जायें तथा उनके पुर्नवास का प्रबंधन किया जायें।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जाति प्रमाण पत्र लंबित नही रखे जायें, आवेदन प्राप्त होने पर तत्काल प्रक्रिया करते हुए प्रमाण पत्र जारी किये जायें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी छात्रावासों का निरीक्षण करें तथा अधिक से अधिक समय बच्चों के बीच बिताये और आत्मीय वातावरण में चर्चा करते हुए उन्हें पढाई के लिए प्रेरित करें। एससी आयोग के अध्यक्ष डॉ कैलाश जाटव ने निर्देश दिये कि प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में चिन्हित ग्राम चकबमुलिया, करल्याखेडली, बमूली गुसाई, रामगावडी, माधोपुरा, तलावदा, लाथ, फ्तेहपुर, ढोढपुर, प्रेमसर, मूंडला, अंधपुरा, बरदुल्हा, फ्रारा एवं हारकुई में संपूर्ण विकास कार्यों के लिए कार्य योजना बनाये तथा ग्रामों का भ्रमण कर बुनियादी सुविधाओं से संबंधित कार्यों को शामिल करें।

उन्होंने कहा कि संत रविदास स्वरोजगार योजना, डॉ भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना, आचार्य विद्या गौसंवर्धन योजना, मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना आदि योजनाओं में लक्ष्य के अनुसार हितग्राहियों का चयन कर लाभ प्रदान कराये।

**5 हजार 845 अनुसूचित जाति परिवारों को नल कनेक्शन प्रदाय किए**

बैठक में बताया गया कि अनुसूचित जाति बस्ती विकास योजना अंतर्गत 80 प्रतिशत मद में 45.96 लाख रूपये के कार्य ग्राम गुर्जा, फ्रारा, हलगावडाखुर्द एवं बनडी में कराये गये है। 1 हजार 24 अनुसूचित जाति छात्रों को 63 लाख 74 हजार 740 रूपये की छात्रवृति प्रदान की गई है। अनुसूचित जाति आवास सहायता योजना के तहत 692 विद्यार्थियों को लाभान्वित किया गया है तथा अनुसूचित जाति राहत योजना अंतर्गत 234 प्रकरणों में 1 करोड 40 लाख 25 हजार रूपये की राशि प्रदाय की गई है। जल जीवन मिशन अंतर्गत एकल ग्राम योजना में 5 हजार 845 अनुसूचित जाति परिवारों को नल कनेक्शन प्रदाय किये गये है।



# एफटीके किट वितरण एवं पेयजल गुणवत्ता जांचने प्रशिक्षण आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 17 जुलाई।** सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद के निर्देशानुसार जिले में संचालित दस्तक सह स्टॉप डायरिया अभियान के अंतर्गत कराहल विकासखंड के ग्राम परतवाड़ा, पहाड़ली एवं गोठरा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीण महिलाओं को फील्ड टेस्ट किट (एफ्टीके) का वितरण किया गया तथा पेयजल गुणवत्ता परीक्षण का व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को एफ्टीके किट के माध्यम से पेयजल की गुणवत्ता की जांच करने की विधि, जल स्रोतों की नियमित निगरानी तथा जलजनित रोगों की रोकथाम के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

साथ ही उन्हें यह भी समझाया गया कि समय पर जल गुणवत्ता की जांच, सुरक्षित पेयजल का उपयोग तथा सामुदायिक जागरूकता से डायरिया जैसी गंभीर बीमारी की प्रभावी रोकथाम संभव है।

सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद की मंशा है कि जिले का कोई भी बच्चा अथवा नागरिक डायरिया जैसी रोकी जा सकने वाली बीमारी से प्रभावित न हो। इसी उद्देश्य से विभागीय अमला निरंतर ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर प्रशिक्षण, जागरूकता एवं जल गुणवत्ता परीक्षण की गतिविधियां संचालित कर रहा है, ताकि प्रत्येक परिवार तक सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकें। कार्यक्रम में जिला सलाहकार श्रीमती आराधना पाराशर, क्षेत्रीय इंजीनियर विजय प्रजापति, आईईसी कोऑर्डिनेटर नीरज श्रीवास्तव सहित विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा जिला जेल श्योपुर का निरीक्षण

**श्योपुर, 17 जुलाई।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्योपुर श्री बी.एल. प्रजापति द्वारा जिला जेल श्योपुर का निरीक्षण सह विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। नालसा नई दिल्ली के दिशा-निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री बी.एल. प्रजापति द्वारा जिला जेल की समस्त बैरकों, वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष, पाकशाला, प्रसाधन, व लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। साथ ही बंदीजनों को उनके विधिक अधिकारों से अवगत कराते हुये उन्हें विधिक सहायता एवं अपीलीय अधिकारों के बारे में जानकारी प्रदान की गई एवं उनके प्रकरणों के संबंध में भी विधिक चर्चा की गई साथ ही माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा एस.एल.पी. (सी.आर.एल.) नंबर 11244/2025 जपजसमक षैींदै पदही / ढंइन टे- जीम ैजंजम व् िड.च.ष् के परिप्रेक्ष्य में ऐसा कोई बंदी जो कि सजा पूरी होने के बावजूद भी जेल में निरूद्ध है, के संबंध में बंदियों से व्यक्तिगत रूप से चर्चा की गई।



### एससी आयोग के अध्यक्ष 18 जुलाई को करेंगे प्रबुद्धजनों से संवाद

**श्योपुर।** मध्यप्रदेश राज्य अनूसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कैलाश जाटव श्योपुर जिले के प्रवास के दौरान 18 जुलाई को अनुसूचित जाति वर्ग के प्रबुद्धजनो से संवाद करेंगे। इस सामाजिक संवाद कार्यक्रम में समाज के बुद्धिजीवी शामिल रहेंगे। मुख्य नगरपालिका अधिकारी नरेन्द्र जाटव ने बताया कि सामाजिक संवाद कार्यक्रम 18 जुलाई को दोपहर 12 बजे से राधिका विलास पाली रोड श्योपुर में आयोजित किया गया है।

### अग्नि दुर्घटना के पीड़ित को रेडक्रॉस से 5 हजार की सहायता

**श्योपुर।** अग्नि दुर्घटना पीडित परिवार को रेडक्रॉस के माध्यम से तात्कालीक रूप से 5 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई है। सहायता राशि का चौक श्रीमती राजकुमारी पत्नि रामसिंह जाटव निवासी खैरोदा कलां तहसील वीरपुर को प्रदान किया गया है। श्रीमती राजकुमार ने आवेदन प्रस्तुत किया कि उसके घर सिलेण्डर में आग लगने से घर-गृहस्थी का सामान जलकर नष्ट हो गया है तथा घर को भी नुकसान पहुंचा है। इस पर कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा 5 हजार रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई।



### विकसित गांव के विजन के साथ कार्य करें :डॉ जाटव

**श्योपुर।** मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव ने जिला पंचायत सभागार में आयोजित ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूरा करने के लिए विकसित गांव के विजन के साथ कार्य करें। ग्रामों का समावेशी विकास ही भारत को विकसित बनायेगा। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, एसीईओ डॉ अजय उपाध्याय, ईई आरईएस रामअवतार अगरैया, सीईओ जनपद श्योपुर एसएस भटनागर, कराहल अभिषेक त्रिवेदी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। एससी आयोग के अध्यक्ष डॉ कैलाश जाटव ने कहा कि हाल ही में वीबी जी रामजी योजना शुरू की गई है, जिसमें 318 प्रकार के कार्य कराये जा सकते है, इन कार्यो तथा अन्य योजनाओं के माध्यम से अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की बस्तियों में अधोसंरचनात्मक सुविधाएं सहित मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जायें। आयोग अध्यक्ष डॉ जाटव द्वारा श्योपुर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्राचीन और एतिहासिक बावडियों के जीर्णोद्धार तथा उन्हें आकर्षक बनाये जाने की दिशा में किये गये कार्यो की सराहना करते हुए प्रशंसा की गई। बैठक में स्वच्छता अभियान, आवास योजना आदि की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई।

### ईव्हीएम गोदाम का बाहरी मासिक निरीक्षण

**श्योपुर।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री दाहिमा द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित ईव्हीएम गोदाम का बाहरी मासिक निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर एसडीएम कराहल बीएस श्रीवास्तव, इलेक्शन सुपरवाईजर श्रीमती प्रीति आर्य, निर्वाचन कार्यालय से अकलाख खान सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहें।

# गुरू पूर्णिमा पखवाड़ा अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता आयोजित




**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 17 जुलाई।** भारतीय संस्कृति में गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व को जन-जन तक पहुँचाने तथा विद्यार्थियों में संस्कार, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का विकास करने के उद्देश्य से सांदीपनि विद्यालय श्योपुर में 15 जुलाई से 29 जुलाई तक गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान विद्यालय में विभिन्न शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं व्यक्तित्व विकास से जुड़ी गतिविधियाँ आयोजित की जा रही है।

**उत्कृष्ट विद्यालय के छात्रों ने किया शैक्षिणक भ्रमण**

इसी क्रम में आज गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा के तृतीय दिवस पर उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्योपुर के छात्र-छात्राओं ने सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्योपुर का शैक्षणिक भ्रमण किया तथा विद्यालय में संचालित नवाचार एवं विभिन्न प्रयोगशालाओं की गतिविधियों का अवलोकन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अशोक खंडेलवाल के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रयोगशालाओं का भ्रमण किया। प्रयोगशाला में विद्यार्थियों को विभिन्न मॉडलों, उपकरणों एवं व्यावसायिक शिक्षा से संबंधित गतिविधियों का अवलोकन कराया तथा उनके उपयोग एवं रोजगारपरक महत्व को समझाया। इसी प्रकार संगीत शिक्षिका डॉ दीक्षा साहू ने नृत्य एवं संगीत के बारे में जानकारी प्रदान की एवं विद्यार्थियों ने पुस्तकालय एवं रोबोटिक लैब का भ्रमण किया संदीपनी विद्यालय जिले का एकमात्र विद्यालय है, जिसमें रोबोटिक लैब संचालित है रोबोटिक लैब के प्रभारी राजीव रावत ने लैब के बारे में विस्तृत जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की।

# फसल बीमा योजना अंतर्गत अंतिम तिथि 31 जुलाई

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 17 जुलाई।** भारत सरकार किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा प्रधानमंत्री फ्सल बीमा योजनांतर्गत खरीफ2026 मौसम के लिये कृषकों की अधिसूचित फ्सलों का बीमा किया जा रहा है। फ्सल ऋण लेने वाले ऋणी, अऋणी, डिफाल्टर कृषको का बीमा बैंको द्वारा किया जाता है। ऋणी, अऋणी, डिफाल्टर कृषकों का फ्सल बीमा सी.एस.सी. (नागरिक सेवा केन्द्र) के माध्यम से भी किया जाता है।

**विभिन्न फसलों के लिए प्रीमियम राशि निर्धारित**

उप संचालक कृषि जीके पचौरिया ने बताया कि खरीफ2026 मौसम में कृषकों का प्रीमियम नामें करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। ऋणी, अऋणी, डिफाल्टर कृषक संबधित बैंक या नजदीकी सी.एस.सी केन्द्र पर अपनी अधिसूचित फ्सलों का बीमा कराने हेतु निर्धारित प्रीमियम राशि पटवारी हल्का स्तर पर दर प्रति हेक्टेयर धान सिंचित 964 रूपये, धान असिंचित 596 रूपये, सोयाबीन 780 रूपये, मक्का 604 रूपये, बाजरा 564 रूपये, तुअर 748 रूपये, ज्वार 570 रूपये, तहसील स्तर पर मूंगफ्ली 866 रूपये, तिल 540 रूपये, जिला स्तर पर उडद 570 रूपये कृषक अंश जमा कर बीमा कर सकतहैं।

# 'तिथि भोज' पीएम पोषण योजना से समुदाय को जोड़ने की अनूठी पहल

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 17 जुलाई।** पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत तिथि भोज कार्यक्रम की पहल आम लोगों को इस योजना से जोडने के लिए की गई है, जिससे स्कूल में पढने वाले बच्चों के मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम को ओर अधिक गुणवत्तापूर्ण बनाया जा सकेंगा। इस पहल का उद्देश्य समुदाय को विद्यालयी शिक्षा और बच्चों के पोषण से सीधे जोड़ना है।

**संदीपनि विद्यालय में बच्चों के साथ सांझा की जन्मदिन की खुशियां**

श्योपुर जिले में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद द्वारा तिथि भोज के संबंध में की गई अपील के बाद लोग अपनी विशिष्ट तिथियों के अवसर पर बच्चों के साथ खुशियां बाटने की पहल कर रहे है। इसी क्रम में आज शासकीय सांदीपनि विद्यालय के शिक्षक ब्रह्मानंद चौधरी ने अपने जन्मदिवस को बेहद सादगी और सेवा भाव के साथ बच्चों के बीच मनाया। श्री चौधरी ने इस अपने जन्मदिवस के अवसर पर विद्यालय के 140 विद्यार्थियों के साथ खुशियां साझा कीं। उन्होंने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों को चॉकलेट और आवश्यक स्टेशनरी प्रदाय की गई। प्रभारी अधिकारी (पीएम पोषण) डॉ. अजय उपाध्याय ने बताया कि तिथि भोज के अंतर्गत कोई भी नागरिक या संस्था अपने जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ सहित अन्य खुशियों के अवसर अथवा विशेष तिथियों पुण्यतिथि आदि के अवसर पर बच्चों के लिए पौष्टिक भोजन, फ्ल, स्टेशनरी या मिष्ठान जैसी सामग्री का प्रायोजन कर सकते हैं। यह मध्यान्ह भोजन का विकल्प नहीं, बल्कि उसे और अधिक समृद्ध बनाने का एक प्रयास है। जन्मदिन या विवाह वर्षगांठ जैसे विशेष अवसरों को विद्यालयों में बच्चों के साथ मनाया जा सकता है।



# मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की भूख हड़ताल शुरू



**नवभारत न्यूज**
**सबलगढ़, 17 जुलाई।** किसानों को खाद की भारी जरूरत है लेकिन कहीं भी खाद उपलब्ध नहीं है खरीफ की फसल में यूरिया खाद की जरूरत होती है डीएपी खाता बाजार में उपलब्ध नहीं है एन पी को भी बड़ी हुई रेट पर ?2100 प्रति कट्टे कि दर से अनिवार्य कर दिया है जिसकी वजह से किसान आर्थिक संकट में होने की बात भी एनपीके खाद खरीदने को मजबूर है खाद को बनाने वाली ड्रिंग गैस का टैंकर समुद्र में खड़ा हुआ है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने पूरे प्रदेश में किसने की खाद की समस्याओं को लेकर 24 घंटे की भूख हड़ताल का आह्वान किया है या हड़ताल दोपहर 12:00 बजे पुरानी सब्जी मंडी चौराह पर शुरू हुई भूख हड़ताल पर बैठने वाले सर्वप्रथम मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के, जिला सचिव मुरारी लाल धाकड़ जिला समिति सदस्य आदिराम आर्य तहसील सचिव अशोक राठौड़ ,योगेश धाकड़ घमंडी केवट प्रमुख रहे इन सभी का मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव मंडल सदस्य कामरेड अशोक तिवारी ने माल्यार्पण किया इस दौरान सभा की गई इस सभा को पार्टी के राज सचिव मंडल सदस्य कामरेड अशोक तिवारी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी जिला सचिव मुरारी लाल धाकड़ तहसील सचिव अशोक राठौड़ ओम प्रकाश श्रीवास नरेश गोस्वामी भानसिह जादौन राम प्रकाश सिंह जादौन एवं अन्य किसान नेताओं ने संबोधित किया इस सभा का संचालन पार्टी के जिला समिति सदस्य इसराइल खान ने किया इस सभा में सैकड़ो कार्यकर्ता एवं किसान भाई मजदूर उपस्थित रहे।

# किसानों के बीच रामपुर पहुंची एसडीएम



**नवभारत न्यूज**
**सबलगढ़, 17 जुलाई।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मेघा तिवारी द्वारा आज ग्राम पंचायत रामपुर कलां में जाकर खाद की किल्लत से जूझ रहे किसानों से संपर्क किया।

**खाद की एक ओर दुकान खुलेगी सभी को खाद मिलेगा**

आज ग्राम पंचायत रामपुर में खाद की दुकान बंद होने की शिकायत एस डी एम मेघा तिवारी से की इस पर एस डी एम ने दुकानदार से बात की तो वह सबलगढ़ आ गया एस डी एम के कहने पर दुकानदार रामपुर पहुंचा ओर किसानो को खाद बाटी। किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में अपनी खरीब की फसलों के लिए खाद नहीं मिल पा रहा है

आज एस डी एम मेघा तिवारी ग्राम रामपुर कलां में पहुंची वहां पर धर्मेंद्र चतुर्वेदी उर्फ अन्ना हजारे के नेतृत्व में किसानों ने पुलिस थाने पर जाकर खाद की किल्लत के लिए मेघा तिवारी से संपर्क किया इस पर एस डी एम मेघा तिवारी ने किसानों को समझाया कि बारी बारी से खाद सबको मिलेगा कोई किसान बिना खाद के नहीं रहेगा।

शासन द्वारा अब प्रत्येक किसान के लिए ऑन लाइन टोकन व्यवस्था की गई है ओर रामपुर कलां में खाद की एक ओर दुकान खोलने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए।


**उत्तर मध्य रेलवे**

पत्र सं.: No. JHS/Catg/e-Auction/2026 दिनांकः 15.07.2026

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)-झाँसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती हैः-

| श्रेणी | केटलॉग संख्या | एसेट्स डिटेल्सः एमपीएस स्टॉलों का आवंटन हेतु ई-नीलामी |
|---|---|---|
| खानपान | JHS-MPS-AUG-26 | |

| स्टेशन | प्लेट फॉर्म | लोकेशन | स्टॉल सं./आरक्षण |
|---|---|---|---|
| भरुआसुमेरपुर | 01 | पुराने IPS और बैटरी रूम के पास | 01 (अनुसूचित जाति) |
| बाँदा | 04 | पिलर नंबर 07 के पास | 04 (महिला) |
| महाराजा छत्रसाल स्टेशन छतरपुर | 02 | पोल संख्या 1 & 2 के बीच में | 02 (बी.पी.एल.) |
| कुलपहाड़ | 01 | स्टेशन भवन के बगल में झाँसी ओर | 01 (अल्पसंख्यक- महिला) |
| भीमसेन | 01 | ओएचई पोल संख्या 1333/18 के पास | 01 (अनुसूचित जाति-महिला) |
| बाँदा | 02 | पिलर संख्या 2 & 3 के बीच | 03 (अनारक्षित) |
| मोठ | 02 | पोल संख्या 1182/30 एवं 1182/32 के बीच | 02 (स्वतंत्रता सेनानियों, युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की विधवाओं और अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) के रेलवे कर्मचारियों की विधवाओं के लिए आरक्षित) |

**ई-नीलामी प्रारम्भ होने की तिथि व समयः** दिनांक 03.08.2026 को समय-11:00 बजे से

**ई-नीलामी समाप्त होने की तिथि व समयः** दिनांक 03.08.2026 को समय-12:30 बजे तक

**नोट-** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के **e-auction module** के माध्यम से की जायेगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। **1622/26 (D)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in


# अनुसूचित जाति आयोग के प्रदेश अध्यक्ष का भाजपा कार्यालय पर स्वागत किया





**नवभारत न्यूज**
**सबलगढ़, 17 जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी नगर मण्डल सबलगढ़ कार्यालय में आज मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति आयोग के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव के आगमन पर गरिमामय आत्मीय एवं भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया इस अवसर पर भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष बसंत बंसल के नेतृत्व में मण्डल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पमालाओं, स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट कर उनका हार्दिक अभिनंदन किया

कार्यक्रम के दौरान ऊर्जा एवं संगठनात्मक एकजुटता का वातावरण देखने को मिला उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भारत माता एवं भारतीय जनता पार्टी के जयघोष के साथ अपने लोकप्रिय अतिथि का गर्मजोशी से स्वागत किया इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने संगठन के प्रति अपनी अटूट निष्ठा एवं समर्पण का परिचय देते हुए डॉ. कैलाश जाटव का आत्मीय सम्मान किया

अपने उद्बोधन में डॉ. कैलाश जाटव ने भारतीय जनता पार्टी को सेवा सुशासन और अंत्योदय के सिद्धांतों पर कार्य करने वाला विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक संगठन बताते हुए कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की योजनाओं का लाभ पहुँचाने के लिए सतत समर्पित है उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे संगठन की रीति-नीति और जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुँचाकर समाज के प्रत्येक वर्ग को पार्टी से जोड़ने का कार्य करें। मण्डल अध्यक्ष बसंत बंसल ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि डॉ. कैलाश जाटव का सबलगढ़ आगमन कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायी एवं उत्साहवर्धक है उनके मार्गदर्शन से संगठन को नई ऊर्जा एवं मजबूती प्राप्त होगी तथा कार्यकर्ता जनसेवा के संकल्प को और अधिक दृढ़ता के साथ आगे बढ़ाएंगे। कार्यक्रम में उपस्थित राजेन्द्र मरैया दिलीप पिप्पल डॉ राजेश गौड़ सिंगरौली महामंत्री धर्मसिंह जादौन रामप्रताप सिंह जादौन मिलिन्द वर्मा नितिन सोनी भरत शर्मा प्रकाश सिंह जादौन सूरज खान ममता कौशल विनय भिलवार अरविन्द मंगल देवाशीष सरकार जय खटीक प्रदीप बित्तल राजकुमार कर्ण दुर्गेश अटल खलील मोहम्द खान एवं सैकड़ों पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँचने तथा भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा एवं जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प दोहराया।

## नशामुक्ति जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**श्योपुर, 17 जुलाई।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा चलाये जा रहे नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान अंतर्गत आज आदिवासी विकासखण्ड कराहल के ग्राम आवदा, कैलोर एवं सारसिल्ला में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये।

स्वयं सेवी संस्था जय मारूती नशा मुक्ति केन्द्र श्योपुर के विशेषज्ञ अनिल कुमार, जाकिर खान, इरफान खान एवं प्रवीन प्रजापति द्वारा उक्त ग्रामों में नशामुक्ति के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक करते हुए नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया।